आयुर्वेद क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, बन तालाब जम्मु
**Ayurveda Regional Research Institute, Ban Talab Jammu**
केन्द्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद, आयुष मंत्रालय, (भारत सरकार)
दूरभाष एवम टैलीफैक्स :**0191, 2546475** Email : arri.jammu@gmail.com

फा.सं. : 3-7/ 2015/ए.आर.आर.आई../एस.आर.पी/तक दिनाँक:11-02-2016

## सीमित निविदा आंमत्रण

1. विज्ञापन सं. 1/2016 दिनांक 11 - 02 - 2016
2. निविदा की अंतिम तिथि: (दिनांक 18.02.2016, 3:00 बजे तक)
3. निविदा खोलने की तिथि: (दिनांक 18.02.2016, 4:00 बजे)

सेवा में,

**1.**श्री सुनील कुमार गुलालीया ,हरि ट्रव्हल्स, सरवाल जम्मु
2.आर.आर. ट्रव्हल्स 214/9,शक्ती नगर ,जम्मु
3.राजेश आसोसिअट ,बडी ब्राम्हणा,बिशनाह रोड ,जम्मु ,निअर राईस मिल जम्मु
4. लक्की ट्रव्हल्स ,जम्मू,
5.ओम इन्टरनशल टूर अण्ड ट्रव्हल्स ,बस स्टंड जम्मू.

**विषय: स्वास्थ्य कार्यक्रमों हेतु किराये पर वाहन उपलब्ध कराने बारे।**

इस संस्थान में केन्द्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा स्वीकृत "स्वास्थ्य रक्षण कार्यक्रम (स्वच्छता मिशन)" एवं "अनुसूचित जाति उपयोजना के तहत आयुर्वेद मोबाईल स्वास्थ्य रक्षा कार्यक्रम"एवम अनुसूचित जनजाति स्वास्थ्य रक्षा कार्यक्रम के लिये जम्मु जिलों के निकटवर्ती एवं दूर के गावों के परिवारों के सर्वे, स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि वितरण हेतु निम्न विवरणानुसार एवं दर्शाई गई शर्तों के अनुसार न्यूनतम दरों पर महेन्द्रा बोलेरो, इनोवा, टाटा सूमों, टवेरा, मारुती ईको, वाहनों के लिये सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्रम सं. | कार्यक्रम का नाम | अवधि | वाहन की संख्या | गांव/स्थान आने जाने की अनुमानित दूरी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | स्वास्थ्य रक्षण कार्यक्रम (स्वच्छता मिशन) | एक वर्ष | 1 | दुर्गानगर् 10 कि.मी., गुरा केरन 10 कि.मी., लक्ष्मीपुरम 5 कि.मी., लोअर रुपनगर 10 कि.मी., भारतनगर 5 कि.मी., प्रत्येक में आना जाना (सप्ताह मे पाँच बार, महीने मे 20 बार) |
| 2. | अनुसूचित जाति उपयोजना में आयुर्वेद मोबाइल स्वास्थ्य रक्षा कार्यक्रम। | छः महीने | 1 | जम्मु जिलों के निकटवर्ती में 4 गांव, प्रत्येक में आना जाना लगभग 30 कि.मी., (सप्ताह में 4 बार, महीने में 16 बार) |
| 3 | अनुसूचित जनजाति स्वास्थ्य रक्षा कार्यक्रम। | छः महीने | 1 | जम्मु जिलों के निकटवर्ती में चिन्न 4 जम्मु जिलों के निकटवर्ती में 4 गांव, प्रत्येक में आना जाना लगभग 60 कि.मी., (सप्ताह में 1 बार, महीने में 4 बार) |

**नियम व शर्तें:**

1. निविदायें निर्धारित प्रपत्र में प्रभारी (संस्थान), ए. आर. आर. आई., बनतलाब जम्मु के पते पर भेजें जो 18.02.2016 को 3:00 बजे तक प्राप्त होनी चाहिये जो उसी दिन 3:30 बजे खोली जायेगीं।
2. निविदा के साथ रू. 5,000/- ब्याना (EMD) बैंक ड्राफ्ट द्वारा संलग्न हो जो एसिस्टेंट डायरेक्टर इंचार्ज, ए. आर. आर. आई. के नाम देय हो जिसके बिना निविदा मान्य नहीं होगी। असफल निविदाकारों की ब्याना राशि निविदा स्वीकृति के पश्चात उन्हें वापस कर दी जायेगी।
3. निविदाओं के साथ वाहन पंजीकरण, टैक्सी परमिट, वाहन नं., मॉडल नं./टाइप देना होगा। वाहन पाँच साल से पुराना न हो तथा टैक्सी रूप में पंजीकृत हो। फर्म शनिवार, रविवार तथा अन्य अवकाश पर भी वाहन देने में सक्षम हो।
4. फर्म का अपना मोबाइल फोन तथा सामान्य फोन हो। वाहन चालक के पास भी मोबाइल सुविधा हो, लाईट मोटर व्हीकल (LMV) का वैध लाईसेंस हो तथा उसे न्यूनतम तीन साल का अनुभव हो।
5. सफल निविदाकर्ता को रू. 10,000/- की जमानत राशि एसिस्टैन्ट डायरेक्टर ईचार्ज, आर. आर. आई. के नाम बैंक ड्राफ्ट के रूप में देनी होगी जो संविदा की समाप्ति पर वापस कर दी जायेगी। यदि फर्म द्वारा नियमों-शर्तों का उल्लंघन होगा या सेवायें असंतोषजनक होगीं या सेवा प्रदान करने से मना कर दे तो ब्याना राशि/जमानत राशि जबत हो जायेगी जिसके लिये संस्थान का निर्णय मान्य होगा।
6. मांग सूचना के अनुसार वाहन प्रातः 9:00 बजे चालक एवं पी. ओ. एल. सहित ए. आर. आर. आई., बनतलाब पर उपल्बध कराना होगा। कार्य की अवधि सामान्यत: 9 घंटे यानी सुबह 9:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक होगी। यदि फर्म मांग सूचना देने पर टैक्सी देने में असफल होगी तो उसके लिये प्रत्येक समय रू.500/- की कटौती की जायेगी।
7. स्वीकृत दर के आलावा अन्य कोई प्रभार संस्थान द्वारा देय नहीं होगा।
8. यात्रा के समय की गिनती ए. आर. आर. आई., बनतलाब से चलकर वापस ए. आर. आर. आई., बनतलाब जम्मु तक होगी। दरें प्रतिवाहन निर्धारित अवधि के लिये प्रतिमास के लिये दी जायें। संस्थान वाहन के खराब होने या उसकी मुरम्मत के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। वाहन खराब होने की परिस्थिति में फर्म को उसी स्थान पर दूसरा वाहन उपलब्ध कराना होगा अन्यथा उसके लिए उपयुक्त कटौती की जायेगी।
9. भुगतान मासिक आधार पर चैक द्वारा फर्म के नाम से किया जायेगा तथा नियमानुसार आयकर/सर्विस टैक्स देय राशि से काट लिया जायेगा। फर्म का पैन न. **(PAN)** तथा सर्विस टैक्स पंजीकरण नं. की प्रति सलंग्न करें ।
10. वाहनों की संख्या एवं अवधि आवश्यकतानुसार कम या अधिक की जा सकती है।
11. किसी भी निविदा को स्वीकार करने या अस्वीकार करने का अधिकार प्रभारी संस्थान के पास होगा।

(डा. कृष्णा कुमारी )
प्रभारी (संस्थान)

प्रतिलिपि सूचनार्थ:

1. महानिदेशक सी.सी.आर.ए.एस. जनकपुरी, नई दिल्ली।
   उक्त् निविदा आमंत्रण विज्ञापन को परिषद के वेबसाइट पर अपलोड करवाने की कृपा करें।
2. संबधित कार्यक्रम अधिकारी/ स्टाफ

**ए. आर. आर. आई., बनतालब जम्मु में किराए पर वाहन प्रदान करने का निविदा प्रपत्र**

| क्र. सं. | वाहन के प्रकार | दुर्गानगर् 10 कि.मी., गुराकेरन 10 कि.मी., लक्ष्मीपुरम 5 कि.मी., लोअर रुपनगर 10 कि.मी., भारतनगर 5 कि.मी., (सप्ताह मे पाँच बार, महीने मे 20 बार) | जम्मु जिलों के निकटवर्ती में 4 गांव, प्रत्येक में आना जाना लगभग 30 कि.मी., (सप्ताह में 4 बार, महीने में 16 बार) | जम्मु जिलों के निकटवर्ती में 4 गांव, प्रत्येक में आना जाना लगभग 60 कि.मी., (सप्ताह में 1 बार, महीने में 4 बार) | वाहन पंजीकरण संख्या / मॉडल वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | महेन्द्रा बोलेरो | | | | |
| 2. | इनोवा | | | | |
| 3. | टाटा सू | | | | |
| 4. | मारुती ईको | | | | |
| 5. | टवेरा | | | | |

पैन नं. (PAN) .............
सर्विस टैक्स नं. .............
ब्याना राशि डिमाण्ड ड्राफ्ट नं. ............
दिनाँक: .............

नाम व हस्ताक्षर .............................
फर्म का नाम व पत्ता ........................
मो. नं. ................ दूरभाष ............ दिनाँक: